ई–मेल / स्पीड पोस्ट

पत्रांक :–3प / विविध–17–19 / 2021 / 1537 / पं०रा०

बिहार सरकार

पंचायती राज विभाग

प्रेषक,

अरविन्द कुमार चौधरी, भा०प्र०से०
प्रधान सचिव

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी,
बिहार।

पटना, दिनांक 2/3/2022

विषय :– पंचायती राज विभाग अन्तर्गत क्रियान्वित मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना के तहत पेयजलापूर्ति हेतु विद्युत संबंधन प्राप्त वार्डों के लंबित विद्युत विपत्र के भुगतान के संबंध में।

प्रसंगः– विभागीय संकल्प संख्या–2935, दिनांक–22.06.2021 एवं निदेशक, मानव संसाधन विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–171 दिनांक–08.02.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में प्रासंगिक विभागीय संकल्प के माध्यम से आप अवगत होंगे कि पंचायती राज विभाग अन्तर्गत "हर घर नल का जल" योजना के तहत मोटर / पम्प से नियमित जलापूर्ति की व्यवस्था हेतु विधिवत् विद्युत संबंधन की प्राप्ति एवं उपभोग किये गये विद्युत विपत्र की राशि के भुगतान की व्यवस्था प्रावधानित है।

प्रासंगिकता है कि उक्त संकल्प के कंडिका–7(v) एवं (vi) का अनुशरण किया जाये, जिसमें अध्यक्ष, वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति को राशि की व्यवस्था एवं वास्तविक विद्युत विपत्र के ससमय भुगतान हेतु प्रावधान का उल्लेख किया गया है।

ज्ञातव्य है कि बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लि० के द्वारा वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति के स्तर से अब तक विद्युत विपत्र के भुगतान नहीं किये जाने कारण विभाग को स्मारित किया गया है।

उपरोक्त आलोक में अनुरोध है कि प्रावधानित व्यवस्था के तहत वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति को उपलब्ध कराये गये वार्षिक अनुदान ₹24,000/– एवं उपभोक्ता शुल्क के रूप में वसूली गयी राशि के 50% राशि से वित्तीय वर्ष समाप्ति के परिपेक्ष्य में प्राथमिकता के आधार पर सभी संबंधित इकाई को विद्युत विपत्र के भुगतान हेतु अपने स्तर से निदेशित करने की कृपा की जाय।

*अनुलग्नकः–यथोक्त।*

विश्वासभाजन

28/2/22

(अरविन्द कुमार चौधरी)
प्रधान सचिव

ज्ञापांकः–3प / विविध–17–19 / 2021 / 1537 / पं०रा० पटना, दिनांक 2/3/2022

**प्रतिलिपिः**–सभी मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद / सभी जिला पंचायत राज पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं अपने स्तर से प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी के माध्यम से विद्युत विपत्र के शीघ्र भुगतान संबंधी आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/2/22

(अरविन्द कुमार चौधरी)
प्रधान सचिव

ज्ञापांकः–3प/विविध–17–19/2021/ 1537 /पं०रा० पटना, दिनांक 2 / 3 /2022

**प्रतिलिपिः**– प्रधान सचिव, उर्जा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/2/22

(अरविन्द कुमार चौधरी)
प्रधान सचिव

**संजीवन सिन्हा**
निदेशक (मानव संसाधन)

बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लि०
निबंधित कार्यालय : विद्युत भवन,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, पटना : 800 021
दूरभाष : 0612-2505666

पत्रांक 171
Rev/Budget Provision of State Govt. Dept/2884/2021

दिनांक 08/02/2022

प्रधान सचिव
पंचायती राज विभाग
748
8/2/2022

सेवा में,

प्रधान सचिव,
पंचायती राज विभाग,
बिहार सरकार, पटना।

विषयः— **आपके अधीनस्थ कार्यालयों एवं हर घर जल नल योजना के तहत लगे पम्पों के विद्युत विपत्र के बकाये राशि के भुगतान के संबंध में।**

प्रसंगः— 1. इस कार्यालय का पत्रांक 84 दिनांक 27.01.2022
2. इस कार्यालय का पत्रांक 592 दिनांक 29.06.2021

महाशय,

उपर्युक्त विषय एवं प्रासंगिक पत्र के संबंध में सूचित करना है कि आपके अधीनस्थ कार्यालयों के विरूद्ध माह जनवरी, 2022 तक विद्युत विपत्र के बकाये की कुल राशि 29.29 करोड़ रूपये (साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लि0 का 3.77 करोड़ रूपये एवं नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लि0 का 25.52 करोड़ रूपये) है। शीर्षवार/उपभोक्तावार विवरणी संलग्न है। विदित हो कि माह फरवरी, 2022 से मार्च, 2022 तक कुल अनुमानित अभिनिर्धारण 5.85 करोड़ रूपये (साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लि0 का 0.75 करोड़ रूपये एवं नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लि0 का 5.10 करोड़ रूपये) होगा। इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2021—22 में कुल देयता राशि 35.14 करोड़ रूपये (साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लि0 का 4.52 करोड़ रूपये एवं नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लि0 का 30.62 करोड़ रूपये) होगा।

हर घर जल नल योजना के अन्तर्गत राज्य के सभी पंचायतों में वार्ड स्तर पर जलापुर्ति योजना के कार्यान्यवन हेतु स्थापित मोटर पम्प के लिए दिये गये विद्युत संबंध पर कुल बकाये 68.76 करोड़ रूपये (साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लि0 का 29.57 करोड़ रूपये एवं नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लि0 का 39.19 करोड़ रूपये) है। उपभोक्तावार विवरणी संलग्न।

अतः अनुरोध है कि आपके कार्यालयों पर विद्युत बकाए मद में वित्तीय वर्ष 2021—2022 में कुल भुगतेय राशि 103.90 करोड़ रूपये (साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लि0 का 34.09 करोड़ रूपये एवं नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लि0 का 70.56 करोड़ रूपये) को केन्द्रीकृत रूप से भुगतान करने की कृपा करें।

अनु०:— यथावर्णित।

विश्वासभाजन,

(संजीवन सिन्हा)
निदेशक (प्रशासन)

## North Bihar Power Distribution Company Limited

District Wise Dues of Panchayati Raj Department

| | Figures in Rs. Lakh |
|---|---|
| **Name of District** | **Dues in Rs. Lakh** |
| ARARIA | 37.76 |
| BEGUSARAI | 284.70 |
| BETTIAH | 41.34 |
| CHAPRA | 10.47 |
| DARBHANGA | 87.06 |
| GOPALGANJ | 2.28 |
| KATIHAR | 195.03 |
| KHAGARIA | 258.64 |
| KISHANGANJ | 38.41 |
| MADHEPURA | 50.66 |
| MADHUBANI | 92.09 |
| MOTIHARI | 53.19 |
| MUZAFFARPUR | 353.92 |
| PURNEA | 11.97 |
| SAHARSA | 453.18 |
| SAMASTIPUR | 295.34 |
| SHEOHAR | 1.88 |
| SITAMARHI | 35.94 |
| SIWAN | 87.77 |
| SUPAUL | 9.53 |
| VAISHALI | 150.52 |
| **Grand Total** | **2551.68** |

**South Bihar Power Distribution Company Limited**
**Department of Revenue**
**Panchayati Raj Dues**

| sl | District | Sum of Dues (in Rs.) |
|---|---|---|
| 1 | ARWAL | 25854 |
| 2 | AURANGABAD | 1002057 |
| 3 | BANKA | 329737 |
| 4 | BHAGALPUR | 14109074 |
| 5 | BHOJPUR | 2406300 |
| 6 | BUXAR | 251209 |
| 7 | GAYA | 4977018 |
| 8 | JAHANABAD | 71525 |
| 9 | JAMUI | 1603042 |
| 10 | KAIMUR | 411871 |
| 11 | LAKHISARAI | 556627 |
| 12 | MUNGER | 4966385 |
| 13 | NALANDA | 1278585 |
| 14 | NAWADA | 1344163 |
| 15 | PATNA | 1100271 |
| 16 | ROHTASH | 2082230 |
| 17 | SHEIKHPURA | 1229991 |
| | Grand Total | 37745939 |